Indian School Al Wadi Al Kabir
Worksheet –5 ,Hindi (2nd language)

अर्थग्रहण

Class -6 Sec-----Name --------------- Date ----/5/15

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

भारत में छह ऋतुएँ- गरमी,वर्षा,शिशिर, सरदी,हेमंत और बसंत बारी- बारी से आती हैं। सभी ऋतुओं का अपना अलग- अलग महत्व है। बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा

कहा जाता है तो वर्षा को ऋतुओं की रानी माना जाता है। वर्षा ऋतु प्रकृति की प्यास बुझाकर सभी के दिलों को तरोताज़ा कर देती है। जेठ मास की भयंकर गरमी के कारण संपूर्ण जगत दुखी हो जाता है तो पेड़- पौधे मुरझाने लगते हैं, नदी -नाले और तालाब सूखने लगते हैं,पशु-पक्षी भी जल के अभाव के कारण प्यासे मरने लगते हैं। तब धरती हरी -भरी करने के लिए वर्षा ऋतु का आगमन होता है। वर्षा के आते ही सभी आनंदित हो जाते हैं। वर्षा ऋतु का अपना अलग महत्त्व होता है। वर्षा के कारण धरती पर नए- नए अंकुर फूटने लगते हैं। चारों तरफ़ हरियाली नज़र आने लगती है। मेंढक टर्र- टर्र करके अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हैं तो मयूर पंख फैलाकर नृत्य के द्वारा वर्षा का स्वागत करते हैं। वर्षा जनजीवन के लिए अत्यंत उपयोगी और आवश्यक है। वर्षा के बिना मानव जीवन संभव नहीं है।

प्रश्न क) भारत में मुख्य रूप से कितनी ऋतुएँ हैं ? सभी ऋतुओं के नाम लिखिए।

P.T.O

प्रश्न ख) जेठ मास की भयंकर गरमी के कारण कौन सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है?

प्रश्न ग) वर्षा ऋतु के आगमन पर क्या- क्या परिवर्तन आते हैं ?

प्रश्न ग) गद्यांश से ढूँढकर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए ः-

1. गरमी --------- 2. पराया ---------

3. अप्रसन्नता --------- 4. सुखी ---------

प्रश्न ङ) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

****